an>

Title: Need to provide drinking water to the people of Jaipur.

श्री रामचरण बोहरा (जयपुर शहर): अध्यक्ष महोदया, राजस्थान भयानक रूप से पानी की कमी से त्रस्त है और इस भीÂषण गर्मी के समय में आज मेरा संसदीय क्षेत्र जयपुर पेयजल के भारी संकट से जूझ रहा है। परम्परागत पेयजल स्रोत रामगढ़ बांध सूखा पड़ा है। भूमि जल समाप्तप्राय हो जाने के कारण पूरा क्षेत्र डार्क क्षेत्र घोÂिषत हो गया है। वर्तमान में बीसलपुर बांध से पेयजल आपूर्ति की जा रही है, जो कि अपर्याप्त है। राजस्थान की मुख्यमंत्री माननीय वसुंधरा राजे जी ने चम्बल बेसिन के अतिरिक्त (सरप्लस) पानी को बनास, बाणगंगा, पार्वती आदि नदियों के पानी को राज्य में पानी की आपूर्ति के लिए लिंक चैनलों की महती परियोजना बनाई है। मेरे संसदीय क्षेत्र जयपुर का ऐतिहासिक रामगढ़ बांध जहां वर्ष 1982 में एशियाड खेलों में नौकायान की प्रतियोगिता आयोजित की गई थी, यहां भी इन चैनलों के माध्यम से जलापूर्ति होनी है।

मैं आपके माध्यम से सरकार एवं सदन का ध्यान आकृष्ट करते हुए मांग करता हूं कि हमारी यशस्वी मुख्यमंत्री माननीय वसुंधरा राजे जी द्वारा जल संसाधन मंत्रालय से मांग की गई है कि पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना को राष्Âट्रीय महत्व परियोजना का दर्जा प्रदान करे ताकि सूखे व पेयजल संकट से जूझ रहे धौलपुर से जयपुर तक के करोड़ों लोगों को पेयजल के संकट से शीघ्र राहत मिल सके।

माननीय अध्यक्ष : श्री देवजी. एम. पटेल, श्री पी.पी. चौधरी, श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, डॉ. मनोज राजोरिया, श्री हरीश मीणा और श्री दुÂष्यंत सिंह को श्री रामचरण बोहरा द्वारा उठाए गए विÂषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।